Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡم   نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡم   وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

अल्लाह तआला का आदेश

لَا تَمُدَّنَّ عَیۡنَیۡکَ اِلٰی مَا مَتَّعۡنَا بِہٖۤ اَزۡوَاجًا مِّنۡہُمۡ وَلَا تَحۡزَنۡ عَلَیۡہِمۡ وَاخۡفِضۡ جَنَاحَکَ لِلۡمُؤۡمِنِیۡنَ ○

सूरः अल् हिज्र, आयत : 89

अनुवाद : अपनी आँखें इस अस्थायी सामान की ओर न पसार जो हमने उनमें से कुछ समूहों को प्रदान की है, और उन पर दुःख न कर, और मोमीनो के लिए अपने (स्नेह के) पंख झुका दे।

वर्ष- 9
अंक - 42

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

13 रबी उल् सानी , 1446 हिज्री कमरी, 17 ईखा 1403 हिज्री शम्सी, 17 अक्टूबर 2024 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़ज़ल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

खाने में बरकत का चमत्कार

{2618} हज़रत अब्दुर्रहमान बिन अबी बकर रज़ियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है कि हम नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथ एक सौ तीस आदमी थे। नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने पूछा: "क्या तुम में से किसी के पास खाना है?" देखा तो एक शख़्स के पास एक साअ या उसके करीब-करीब थोड़ा आटा था। वह आटा गूंथा गया, इसके बाद एक मुशरिक शख़्स उलझे हुए बालों वाला और लंबा कद वाला, बकरियां हांकता हुआ आया। नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने पूछा: "बेचनी हैं या यूं ही देनी हैं?" 'अतिया' का लफ़्ज़ फ़रमाया या 'हिबा' का। उसने कहा: "यूं ही नहीं, बल्कि बेचनी हैं।" तो आपने उससे एक बकरी खरीदी। वह बकरी ज़बह करके पकाने के लिए तैयार की गई। आपने फ़रमाया: "कलेजी भून दी जाए।" और बखुदा, एक सौ तीस आदमियों में से एक भी ऐसा नहीं था जिसे नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उस बकरी की कलेजी का एक टुकड़ा काट कर न दिया हो। अगर कोई मौजूद था, तो उसे दे दिया और अगर मौजूद नहीं था, तो आपने उसके लिए महफ़ूज़ कर लिया। और उस बकरी के गोश्त से दो बड़े-बड़े प्याले तैयार किए गए। सबने खाया और हम सब पेट भर गए, और दोनों प्यालों में गोश्त बचा रहा। हमने उसे ऊंट पर रख लिया, या कुछ ऐसे ही अल्फ़ाज़ थे जो रावी ने कहे।

(सहीअल्-बुखारी, भाग 4, किताबुल्-हिबा)

ईमान एक शक्ति है जो सच्ची बहादुरी और हिम्मत इंसान को प्रदान करता है। इसका उदाहरण हमें सहाबा कराम रिज़वानुल्लाह अलैहिम अजमईन की जिंदगी में देखने को मिलता है।

हज़रत अकदस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

ख़ुदा की राह में कठिनाइयों को सहना, मुसीबतों और समस्याओं का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हो जाना, यह सब ईमानी ताकत से ही संभव होता है। ईमान वह शक्ति है जो सच्ची शुजात (बहादुरी) और हिम्मत इंसान को देता है, और इसका नमूना सहाबा की जिंदगी में नज़र आता है। जब वे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथ होते थे, तो कौन सी चीज़ थी जो उन्हें यह उम्मीद दिलाती थी कि इस तरह एक बेसहारा और कमज़ोर इंसान के साथ हो जाने से हमें कोई सवाब मिलेगा? ज़ाहिरी नज़र से देखने पर तो बस यही लगता था कि इस एक इंसान के साथ होने से उन्होंने सारी कौमों को अपना दुश्मन बना लिया है, और इसका नतीजा यह होगा कि मुसीबतों और मुश्किलों का पहाड़ टूट पड़ेगा और वे बर्बाद हो जाएंगे।

लेकिन कोई और आँख भी थी, जिसने इन मुसीबतों और परेशानियों को कुछ भी नहीं समझा। उस राह में मर जाना उसकी नज़र में एक आराम और खुशी का कारण था। उसने वो देखा था जो इन दुनिया की आँखों से छिपा हुआ और बहुत दूर था। वह ईमानी नज़र थी और ईमानी ताकत थी, जिसने इन तमाम तकलीफों और दर्द को बिल्कुल मामूली बना दिया था। आखिर में ईमान ही कामयाब हुआ और उसने वह करिश्मा दिखाया कि जिस पर लोग हँसते थे और जिसे कमज़ोर और बेसहारा समझते थे, उस ईमान ने उन्हें कहाँ पहुँचा दिया। वह सवाब और इनाम, जो पहले छिपा हुआ था, फिर ऐसा ज़ाहिर हुआ कि दुनिया ने उसे देखा और महसूस किया कि हाँ, यह उसी का फल है।

ईमान की बदौलत सहाबा की वह जमाअत न तो थकी और न ही मायूस हुई, बल्कि ईमानी ताकत

शेष पृष्ठ 10 पर

जो लोग खुदा तआला के दीन की ताईद (समर्थन) के लिए खड़े हो जाते हैं, अल्लाह तआला उनकी मदद करता है।

जिहाद के लिए आवश्यक शर्तें अनिवार्य होना तथा धार्मिक एवं राजनीतिक युद्धों में अंतर

सैयदना हज़रत मुसलिह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरः अल् हज, आयत : 39 और उससे आगे की आयतों की तफ़्सीर (विवेचना) में फरमाते हैं :

इस्लामी तालीम के अनुसार जंग (युद्ध) की इजाज़त केवल उसी अवस्था में होती है जब कोई क़ौम लंबे समय तक दूसरी क़ौम के ज़ुल्मों का निशाना बनी रहे और ज़ालिम क़ौम उसे "रब्बुना अल्लाह" कहने से रोके। अर्थात जब कोई क़ौम दूसरों के दीन (धर्म) में दखल दे, ज़बरदस्ती इस्लाम से फिराए या उसमें दाखिल होने से रोके और इस्लाम कबूल करने वालों को केवल इस्लाम कबूल करने के जुर्म में क़त्ल करे। ऐसी क़ौम के सिवा किसी दूसरी क़ौम से जिहाद नहीं हो सकता, लेकिन अगर जंग होगी, तो वह केवल राजनीतिक और राष्ट्रीय जंग होगी, जो दो मुस्लिम क़ौमों के बीच भी हो सकती है, परंतु इसे जिहाद नहीं कहा जाएगा। और ऐसी जंग में शामिल होना हर मुसलमान पर फ़र्ज़ नहीं होगा, बल्कि केवल उन्हीं मुसलमानों पर होगा जो उस लड़ने वाली हुकूमत में रहते हों। क्योंकि यह जंग "हुब्बुल्-वतन" (देशप्रेम) की जंग कहलाएगी, इसे दीन की जंग नहीं कहा जाएगा। और रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया है, "ब्बुल्-वतन मिनल्-ईमान" अर्थात वतन की मुहब्बत भी ईमान का हिस्सा है।

इसके बाद बताया कि ऐसी मजलूम क़ौम का फ़र्ज़ होता है कि जब उसे ताक़त मिले, तो वह तमाम मज़ाहिब (धर्मों) की हिफ़ाज़त करे और उनकी मुक़द्दस जगहों का अदब और एहतिराम करे। और इस ग़लबे (विजय) को अपनी ताक़त का ज़रिया न बनाए, बल्कि ग़रीबों की खबरगीरी, मुल्क की हालत की इस्लाह (सुधार) और फ़ित्ना-फ़साद के मिटाने में अपनी ताक़तें खर्च करे। क्योंकि इस्लाम दुनिया में एक गवाह और मुहाफ़िज़ (रक्षक) के तौर पर आया है, ना कि एक ज़ालिम और जबर करने वाले के रूप में।

वे लोग जो इस्लामी जिहाद पर ऐतराज़ (आलोचना) करते हैं, उन्हें सोचना चाहिए कि क्या इस किस्म की लड़ाई मुसलमानों के इख़्तियार में है कि जब चाहें शुरू कर दें और काफ़िरों को क़ैदी बनाना शुरू कर दें? इस

शेष पृष्ठ 10 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

ख़ुत्बः जुमअः

नबी-ए-अकरम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने जंग-ए-अहज़ाब से पहले अबू सुफ़यान के एक ख़त के जवाब में लिखा :

"सुनो ! आख़िरकार ख़ुदा हमें कामयाब करेगा और हे बनू ग़ालिब के बेवक़ूफ़ों ! याद रखो कि एक दिन आएगा जब तुम्हारे लात, उज्ज़ा, इसाफ़, नायला और हुबल के टुकड़े-टुकड़े कर दिए जाएंगे और उस दिन मैं तुम्हें यह सब याद दिलाऊंगा।"

ख़ंदक खोदने का फ़ैसला सिर्फ़ हज़रत सलमान फ़ारसी (रज़ियल्लाहु अन्हु) की सलाह की वजह से नहीं था, बल्कि अल्लाह तआला ने इल्हाम के माध्यम से नबी करीम (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को यह तरीक़ा बताया था।

ग़ज़वा-ए-अहज़ाब के असबाब और इसके शुरुआती हालात-ओ-वाक़यात का वर्णन।
पाकिस्तान के अहमदियों और आम तौर पर दुनिया की भलाई के लिए दुआओं की अपील, और पाकिस्तान के अहमदियों को दुआओं और सदक़ा-ख़ैरात की तरफ़ ध्यान देने की तालीम दी गई।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 06 सितंबर 2024 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ. أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ. بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ. اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ. اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ. مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ. إِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ إِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ. اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ. صِرَاطَ الَّذِيْنَ أَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ. غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

आज मैं ग़ज़वा-ए-ख़ंदक या ग़ज़वा-ए-अहज़ाब का वर्णन करूंगा, जो 5 हिजरी के मुताबिक़ फ़रवरी और मार्च 627 ईसवी में हुआ था।

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन, हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब, एम.ए., पृष्ठ 573)

क़ुरआन करीम में जंग-ए-अहज़ाब का वर्णन इस तरह आया है...

:أَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ. يٰٓأَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اذْكُرُوْا نِعْمَةَ اللّٰهِ
عَلَيْكُمْ إِذْ جَآءَتْكُمْ جُنُوْدٌ فَأَرْسَلْنَا عَلَيْهِمْ رِيْحًا وَّجُنُوْدًا لَّمْ تَرَوْهَا وَكَانَ اللّٰهُ
بِمَا تَعْمَلُوْنَ بَصِيْرًا ﴿۱۰﴾ إِذْ جَآءُوْكُمْ مِّنْ فَوْقِكُمْ وَمِنْ أَسْفَلَ مِنْكُمْ وَإِذْ
زَاغَتِ الْأَبْصَارُ وَبَلَغَتِ الْقُلُوْبُ الْحَنَاجِرَ وَتَظُنُّوْنَ بِاللّٰهِ الظُّنُوْنَا ﴿۱۱﴾ هُنَالِكَ
ابْتُلِيَ الْمُؤْمِنُوْنَ وَزُلْزِلُوْا زِلْزَالًا شَدِيْدًا ﴿۱۲﴾ وَإِذْ يَقُوْلُ الْمُنٰفِقُوْنَ وَالَّذِيْنَ
فِيْ قُلُوْبِهِمْ مَّرَضٌ مَّا وَعَدَنَا اللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗٓ إِلَّا غُرُوْرًا ﴿۱۳﴾ وَإِذْ قَالَتْ طَّآئِفَةٌ
مِّنْهُمْ يٰٓأَهْلَ يَثْرِبَ لَا مُقَامَ لَكُمْ فَارْجِعُوْا وَيَسْتَأْذِنُ فَرِيْقٌ مِّنْهُمُ النَّبِيَّ
يَقُوْلُوْنَ إِنَّ بُيُوْتَنَا عَوْرَةٌ وَمَا هِيَ بِعَوْرَةٍ إِنْ يُّرِيْدُوْنَ إِلَّا فِرَارًا ﴿۱۴﴾ وَلَوْ دُخِلَتْ
عَلَيْهِمْ مِّنْ أَقْطَارِهَا ثُمَّ سُئِلُوا الْفِتْنَةَ لَاٰتَوْهَا وَمَا تَلَبَّثُوْا بِهَآ إِلَّا يَسِيْرًا
﴿۱۵﴾ وَلَقَدْ كَانُوْا عَاهَدُوا اللّٰهَ مِنْ قَبْلُ لَا يُوَلُّوْنَ الْأَدْبَارَ وَكَانَ عَهْدُ اللّٰهِ مَسْئُوْلًا
﴿۱۶﴾ قُلْ لَّنْ يَّنْفَعَكُمُ الْفِرَارُ إِنْ فَرَرْتُمْ مِّنَ الْمَوْتِ أَوِ الْقَتْلِ وَإِذًا لَّا تُمَتَّعُوْنَ
إِلَّا قَلِيْلًا ﴿۱۷﴾ قُلْ مَنْ ذَا الَّذِيْ يَعْصِمُكُمْ مِّنَ اللّٰهِ إِنْ أَرَادَ بِكُمْ سُوْٓءًا أَوْ أَرَادَ
بِكُمْ رَحْمَةً وَلَا يَجِدُوْنَ لَهُمْ مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ وَلِيًّا وَّلَا نَصِيْرًا ﴿۱۸﴾ قَدْ يَعْلَمُ اللّٰهُ
الْمُعَوِّقِيْنَ مِنْكُمْ وَالْقَآئِلِيْنَ لِإِخْوَانِهِمْ هَلُمَّ إِلَيْنَا وَلَا يَأْتُوْنَ الْبَأْسَ إِلَّا
قَلِيْلًا ﴿۱۹﴾ أَشِحَّةً عَلَيْكُمْ فَإِذَا جَآءَ الْخَوْفُ رَأَيْتَهُمْ يَنْظُرُوْنَ إِلَيْكَ تَدُوْرُ
أَعْيُنُهُمْ كَالَّذِيْ يُغْشٰى عَلَيْهِ مِنَ الْمَوْتِ فَإِذَا ذَهَبَ الْخَوْفُ سَلَقُوْكُمْ بِأَلْسِنَةٍ
حِدَادٍ أَشِحَّةً عَلَى الْخَيْرِ أُولٰٓئِكَ لَمْ يُؤْمِنُوْا فَأَحْبَطَ اللّٰهُ أَعْمَالَهُمْ وَكَانَ ذٰلِكَ عَلَى
اللّٰهِ يَسِيْرًا ﴿۲۰﴾ يَحْسَبُوْنَ الْأَحْزَابَ لَمْ يَذْهَبُوْا وَإِنْ يَّأْتِ الْأَحْزَابُ يَوَدُّوْا لَوْ
أَنَّهُمْ بَادُوْنَ فِي الْأَعْرَابِ يَسْأَلُوْنَ عَنْ أَنْبَآئِكُمْ وَلَوْ كَانُوْا فِيْكُمْ مَّا قٰتَلُوْٓا إِلَّا
قَلِيْلًا ﴿۲۱﴾ لَقَدْ كَانَ لَكُمْ فِيْ رَسُوْلِ اللّٰهِ أُسْوَةٌ حَسَنَةٌ لِّمَنْ كَانَ يَرْجُوا اللّٰهَ وَ
الْيَوْمَ الْاٰخِرَ وَذَكَرَ اللّٰهَ كَثِيْرًا ﴿۲۲﴾ وَلَمَّا رَاَ الْمُؤْمِنُوْنَ الْأَحْزَابَ قَالُوْا هٰذَا
مَا وَعَدَنَا اللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗ وَصَدَقَ اللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗ وَمَا زَادَهُمْ إِلَّآ إِيْمَانًا وَّتَسْلِيْمًا
﴿۲۳﴾ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ رِجَالٌ صَدَقُوْا مَا عَاهَدُوا اللّٰهَ عَلَيْهِ فَمِنْهُمْ مَّنْ قَضٰى نَحْبَهٗ
وَمِنْهُمْ مَّنْ يَّنْتَظِرُ وَمَا بَدَّلُوْا تَبْدِيْلًا ﴿۲۴﴾ لِّيَجْزِيَ اللّٰهُ الصّٰدِقِيْنَ بِصِدْقِهِمْ
وَيُعَذِّبَ الْمُنٰفِقِيْنَ إِنْ شَآءَ أَوْ يَتُوْبَ عَلَيْهِمْ إِنَّ اللّٰهَ كَانَ غَفُوْرًا رَّحِيْمًا ﴿۲۵﴾ وَ
رَدَّ اللّٰهُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِغَيْظِهِمْ لَمْ يَنَالُوْا خَيْرًا وَكَفَى اللّٰهُ الْمُؤْمِنِيْنَ الْقِتَالَ وَ
كَانَ اللّٰهُ قَوِيًّا عَزِيْزًا ﴿۲۶﴾

(الاحزاب:10تا26)

क़ुरआन करीम की आयात का हिंदी अनुवाद यह है :

"अपने ऊपर अल्लाह की उस नेमत को याद करो, जब तुम्हारे पास (दुश्मन) सेना आई थी, तो हमने उनके खिलाफ़ एक हवा भेजी और ऐसी सेनाएँ भेजीं जिन्हें तुम देख नहीं सकते थे। और यक़ीनन अल्लाह उस पर गहरी नज़र रखने वाला है जो तुम करते हो। जब वे तुम्हारे पास तुम्हारे ऊपर की तरफ़ से भी और तुम्हारे नीचे की तरफ़ से भी आए और जब आँखें (डर से) पत्थरा गईं और दिल (उछलते हुए) हंसली तक पहुँच गए, और तुम लोग अल्लाह के बारे में तरह-तरह के गुमान करने लगे। वहाँ मोमिन (सच्चे ईमान वाले) आज़माइश में डाले गए और उन्हें सख़्त (परीक्षा के) झटके दिए गए। और जब मुनाफ़िक़ों (दिखावे के मुसलमानों) और उन लोगों ने जिनके दिलों में रोग था, कहा, 'हमसे अल्लाह और उसके रसूल ने धोखे के सिवा कोई वादा नहीं किया।' और जब उनमें से एक समूह ने कहा, 'हे अहल-ए-यस्रिब (मदीना के निवासियों), तुम्हारे ठहरने का अब कोई अवसर नहीं है, इसलिए वापस चले जाओ।' और उनमें से एक फ़रीक़ ने नबी से यह कहते हुए इजाज़त माँगनी शुरू की, 'निश्चित रूप से हमारे घर असुरक्षित हैं,' जबकि वे असुरक्षित नहीं थे। वे केवल भागने का इरादा किए हुए थे।

और अगर उन पर इस (बस्ती) के हर तरफ़ से चढ़ाई कर दी जाती, फिर उनसे फ़साद (दंगे) का मुतालबा किया जाता, तो वे ज़रूर इसके मुर्तकिब (दोषी) हो जाते और इस पर ज़रा भी देर न करते। हालाँकि इससे पहले उन्होंने यक़ीनन अल्लाह से यह अज़्म किया था कि वे पीठ नहीं दिखाएँगे, और अल्लाह से किया गया वादा ज़रूर पूछा जाएगा। तो कह दे कि तुम्हारा भागना हरगिज़ तुम्हें फ़ायदा नहीं देगा, अगर तुम मौत या क़त्ल से भागोगे, और इस सूरत में तुम्हें कुछ फ़ायदा नहीं दिया जाएगा परंतु थोड़ा सा।

तुम पूछो कि कौन है जो तुम्हें अल्लाह से बचा सकता है, अगर वह तुम्हें कोई तकलीफ़ पहुँचाने का इरादा करे या तुम्हारे हक़ में रहमत का फ़ैसला करे? और वे अपने लिए अल्लाह के सिवा न कोई सरपरस्त पाएँगे और न कोई मददगार। अल्लाह तुममें से उन लोगों को ख़ूब जानता है जो (जिहाद से) रोकने वाले हैं और अपने भाइयों से कहते हैं कि 'हमारी तरफ़ आओ।' और वे लड़ाई के लिए नहीं आते परंतु बहुत कम। तुम्हारे खिलाफ़ बहुत ख़सासत (बचने की प्रवृत्ति) से काम लेते हैं। तो जब कोई ख़ौफ़ (डर का मौक़ा) आता है, तो तुम उन्हें इस तरह देखोगे कि वे तुम्हारी तरफ़ इस तरह देख रहे हैं कि उनकी आँखें (दहशत से) घूम रही होती हैं, उस शख़्स की तरह जिस पर मौत की बेहोशी तारी हो गई हो। फिर जब ख़ौफ़ जाता रहता है, तो वे अपनी तेज़ ज़बानों से तुम्हें तकलीफ़ पहुँचाते हैं, भलाई के मामले में बख़ील (कंजूस) होते हुए। ये वे लोग हैं जो (हक़ीक़तन)

ईमान नहीं लाए। तो अल्लाह ने उनके आमाल (कर्म) ज़ाया कर दिए, और यह बात अल्लाह के लिए बहुत आसान है।

वे गुमान करते हैं कि सेनाएँ अभी तक नहीं गईं। और अगर सेनाएँ (वापस) आ जाएँ, तो वे (हसरत से) चाहेंगे कि काश वे वीरानों में बद्दुओं के बीच रहते होते (और) तुम्हारे हालात मालूम कर रहे होते, और अगर वे तुम्हारे साथ होते भी, तो वे क़िताल न करते मगर बहुत कम।

यक़ीनन तुम्हारे लिए अल्लाह के रसूल में एक बेहतरीन उदाहरण है हर उस शख़्स के लिए जो अल्लाह और यौम-ए-आख़िरत की उम्मीद रखता है और कसरत से अल्लाह को याद करता है।

और जब मोमिनों ने सेनाओं को देखा, तो उन्होंने कहा, 'यही तो है जिसका अल्लाह और उसके रसूल ने हमसे वादा किया था,' और अल्लाह और उसके रसूल ने सच्च कहा था, और इसने उन्हें और बढ़ाया मगर ईमान और फ़रमाबरदारी में।

मोमिनों में ऐसे पुरुष हैं जिन्होंने जिस बात पर अल्लाह से अज़्म किया था, उसे सच्चा कर दिखाया। तो उनमें से वह भी है जिसने अपनी मन्नत को पूरा कर दिया और उनमें से वह भी है जो अभी इंतेज़ार कर रहा है, और उन्होंने हरगिज़ (अपने तौर-तरीके में) कोई तब्दीली नहीं की। (यह इसलिए है) ताकि अल्लाह सच्चों को उनकी सच्चाई की जज़ा दे और मुनाफ़िकों को, अगर चाहे तो अज़ाब दे या तौबा क़बूल करते हुए उन पर झुके। यक़ीनन अल्लाह बहुत बख़्शने वाला (और) बार-बार रहमत करने वाला है।

और अल्लाह ने उन लोगों को जिन्होंने कुफ्र किया, उनके ग़ैज़ (क्रोध) समेत इस तरह लौटा दिया कि वे कोई भलाई हासिल न कर सके। और अल्लाह मोमिनों के हक़ में क़िताल में काफ़ी हो गया। और अल्लाह बहुत क़वी (मज़बूत) और क़ामिल ग़ल्बा वाला है।"

(अनुवाद: हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह चतुर्थ रहमहुल्लाह)

यह क़ुरआन शरीफ की आयतों का हिंदी अनुवाद है।

इस जंग का नाम और कारण:

जंग का यह नाम किस तरह रखा गया? इस जंग को जंग-ए-ख़ंदक भी कहा जाता है क्योंकि अरब के रिवाज और दस्तूर के खिलाफ़ पहली बार मुसलमानों ने ख़ंदक खोद कर रक्षात्मक युद्ध लड़ा था। इसे जंग-ए-अहज़ाब भी कहा जाता है, जैसा कि क़ुरआन शरीफ में इसे यही नाम दिया गया है। "अहज़ाब" हिज़्ब की जमा (बहुवचन) है, जिसका मतलब जमाअत और गिरोह होता है। चूंकि इस युद्ध में अरब के विभिन्न समूह और क़बीले एकजुट होकर मुसलमानों पर हमला करने आए थे, इसलिए इसे जंग-ए-अहज़ाब कहा गया।

इसकी वजह:

यह बताया जाता है कि रबीउल-अव्वल 4 हिजरी में यहूदी क़बीला बनू नज़ीर अपनी अहदशिकनी (संधि तोड़ने), बगावत और नबी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को क़त्ल करने जैसी साज़िशों के कारण मदीना से निकाल दिया गया था। इस अहदशिकन और बाग़ी क़बीले की सज़ा तो इससे भी ज़्यादा सख़्त हो सकती थी, लेकिन उनकी दरख्वास्त पर पैगंबर (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने रहम करते हुए उन्हें माफ़ किया और उन्हें जला वतन कर दिया, जिस पर यह क़बीला अपना सारा सामान लेकर मदीना से कुछ दूर ख़ैबर जाकर बस गया।

लेकिन अभी चार महीने ही गुज़रे थे कि इन एहसानफ़रामोश और साज़िशी यहूदियों ने इस्लाम और नबी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के खिलाफ़ एक खतरनाक साज़िश रची, जिसका उद्देश्य मुसलमानों का पूरी तरह से खात्मा करना था। इस साज़िश के मुताबिक, बनू नज़ीर का सरदार हुइय्य बिन अख़्तब, जो अपने घमंड, तकब्बुर और इस्लाम के खिलाफ़ दुश्मनी की वजह से यहूदियों का अबू जहल कहलाने लायक था, अपने साथियों के साथ मक्का गया। वहां उसने अबू सुफ़ियान और अन्य क़ुरैशी नेताओं से मुलाकात की और कहा, "हम तुम्हारे साथ हैं। हम मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) और उनके साथियों का नामोनिशान मिटाने का इरादा रखते हैं। हम यहाँ इसी उद्देश्य के लिए आए हैं, ताकि हम सब मिलकर मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के खिलाफ़ एक मुआहदा (संधि) करें।"

मक्का के मुश्रिकीन (मूर्ति पूजक) को और क्या चाहिए था? वे पहले से ही ऐसे खूनी मंसूबे रखते थे और बद्र और उहद की जंगें लड़ चुके थे, लेकिन अपने असल उद्देश्य में नाकाम रहे थे। बद्र की शिकस्त और उहद की शर्मिंदगी के घाव फिर से ताज़ा हो गए। अबू सुफ़ियान ने बनू नज़ीर के इन नेताओं का स्वागत करते हुए कहा, "तुम अपने घर आए हो, और हमें सबसे ज़्यादा वही पसंद है जो मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की दुश्मनी में हमारी मदद करे।" बातचीत के बाद क़ुरैश के पचास लोगों और इन यहूदियों ने काबा के पर्दे को पकड़कर कसम खाई कि वे एक-दूसरे का साथ देंगे और मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के खिलाफ़ एकजुट होंगे।

इसके बाद अबू सुफ़ियान के साथ मदीना पर बड़े पैमाने पर हमला करने की योजना और तारीख तय करने के बाद, बनू नज़ीर का यह वफ़्द अरब के अन्य क़बीलों की तरफ़ गया, जो मुसलमानों के खून के प्यासे थे और कई बार नाकाम हमले भी कर चुके थे। सबसे पहले वे बनू ग़त्फ़ान के पास गए। यह अरब का एक बहादुर क़बीला माना जाता था और इस्लाम के खिलाफ़ नफ़रत में मशहूर था। यहूदियों ने उन्हें रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) से जंग करने की दावत दी और एक साल की ख़ैबर की खजूरों का लालच भी दिया। यह भी बताया कि क़ुरैश मक्का भी हमारे साथ हैं। इस पर बनू ग़त्फ़ान ने समर्थन का वादा किया और छह हज़ार फ़ौजियों की गारंटी दी।

इसके बाद यहूदी क़बीला बनू सलीम के पास गया, जो पहले से ही मुसलमानों पर हमला करने की नीयत रखता था, लेकिन नाकाम रहा था। इतने बड़े सैन्य गठबंधन के हमले की खबर पाकर उन्होंने भी ख़ुशी से अपनी हामी भर दी।

(उद्धृत सबलुल् हुदा वल् रिशाद, भाग 4, पृष्ठ 363-364, प्रकाशन दारुल कुतुब अल-इल्मिय्या, बैरूत) (ग़ज़वा ए अहज़ाब, आलिम मुहम्मद अहमद बाशमील, सफा 62, प्रकाशन नफीस अकैडमी, उर्दू बाजार, कराची)

इसी तरह बनू फ़ज़ारा अपने सरदार उयैना की क़ियादत में रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) से लड़ने के लिए तैयार हो गए और उयैना ने अपने दोस्त क़बीले बनू असद को दावत दी। इस पर बनू असद के सरदार तुलैहा असदी ने भी इस दावत को कुबूल कर लिया। इसके साथ ही बनू मुर्रा और बनू अशजअ क़बीलों ने भी इस जंग की फ़ौजी ताक़त में ख़ासा इज़ाफ़ा किया। ये सारे क़बीले पूरे अरब में अपनी बहादुरी के लिए मशहूर थे।

(उद्धृत सीरत एन्साइक्लोपीडिया, भाग 07, पृष्ठ 270-271, दारुस-सलाम, रियाज़)

इस तफ़सील को लिखते हुए हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब (रज़ियल्लाहु तआला अन्हु) लिखते हैं कि मक्का के क़ुरैश और नज्द के क़बीले ग़त्फ़ान और सुलैम तो पहले से ही मुसलमानों के खून के प्यासे थे और मदीना पर हमला करने की सोच में रहते थे, लेकिन अब तक उन्होंने इस्लाम के खिलाफ़ अपनी ताक़तों को एकजुट नहीं किया था। जब यहूदी क़बीला बनू नज़ीर अपनी गद्दारी और फ़ित्ना परवरी की वजह से मदीना से निकाल दिया गया, तो उनके सरदारों ने रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के इस एहसान को भुलाते हुए, जो उन्होंने उन पर किया था, इस्लाम के ख़िलाफ़ अरब की समस्त ताक़तों को एकजुट करने की कोशिश की। चूंकि यहूदी लोग साज़िशों में माहिर थे, इसलिए उनकी फ़ित्ना परवर कोशिशें कामयाब हुईं, और अरब के क़बीलों ने मुसलमानों के खिलाफ़ एकजुट होकर मैदान में उतरने का फैसला किया।

यहूदी सरदारों में से सलाम बिन अबी अल-हुक़ैक, हुइय्य बिन अख़्तब और किनाना बिन अल-रबीअ ने इस जंग को भड़काने में अहम भूमिका निभाई। ये लोग अपने नए वतन ख़ैबर से निकल कर हिजाज़ और नज्द के क़बीलों के पास गए। सबसे पहले वे मक्का पहुंचे और क़ुरैश को अपने साथ मिलाया। क़ुरैश के सरदारों को खुश करने के लिए उन्होंने यहाँ तक कह दिया कि "मुसलमानों के दीन से तुम्हारा दीन (शिर्क और बुतपरस्ती) बेहतर है।"

इसके बाद उन्होंने नज्द में जाकर क़बीला ग़त्फ़ान को अपने साथ मिलाया और इस क़बीले की शाखाओं फ़ज़ारा, मुर्रा और अशजअ को अपने साथ जंग के लिए तैयार कर लिया। क़ुरैश और ग़त्फ़ान की उकसाहट से बनू सुलैम और बनू असद भी इस इस्लाम विरोधी गठबंधन में शामिल हो गए। दूसरी तरफ यहूदियों ने अपने हलीफ क़बीला बनू सअद को भी अपने साथ खड़ा कर लिया। इस विशाल गठबंधन के अलावा, क़ुरैश ने अपने आस-पास के क़बीलों को भी अपने साथ मिला लिया। पूरी तैयारी के बाद, अरब के ये खूँखार क़बीले मुसलमानों को मिटाने के इरादे से मदीना की तरफ बढ़ आए और उन्होंने कसम खाई कि जब

तक इस्लाम का सफ़ाया नहीं कर लेंगे, वापस नहीं लौटेंगे।

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन, हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब, एम.ए, पृष्ठ 573-574)

हज़रत मुस्लेह मौऊद (रज़ियल्लाहु तआला अन्हु) इस बारे में वर्णन करते हैं कि "यहूद के दो क़बीले, जो लड़ाई और क़त्ल-ओ-ग़ारत की साज़िशों की वजह से मदीना से जला वतन कर दिए गए थे, उनमें से बनू नज़ीर का एक हिस्सा शाम की तरफ़ हिजरत कर गया और एक हिस्सा मदीना से उत्तर की तरफ ख़ैबर नामक शहर में बस गया। ख़ैबर यहूदियों का एक बड़ा केंद्र और क़िला बंद शहर था। यहां पहुँच कर बनू नज़ीर ने मुसलमानों के खिलाफ अरबों में उकसावे का काम शुरू किया। मक्का वाले तो पहले से ही दुश्मनी पर उतारू थे, उन्हें किसी और उकसावे की ज़रूरत नहीं थी। इसी तरह, नज्द का क़बीला ग़त्फ़ान, जो अरब में एक बड़ी हैसियत रखता था, पहले से ही मक्का वालों की दोस्ती में इस्लाम का दुश्मन बना हुआ था। अब यहूदियों ने क़ुरैश और ग़त्फ़ान के अलावा बनू सुलैम और बनू असद जैसे दो और बड़े क़बीलों को मुसलमानों के खिलाफ़ उकसाना शुरू किया। साथ ही, यहूदियों ने अपने हलीफ़ बनू सअद को भी काफ़िरों का साथ देने के लिए तैयार किया। लंबी तैयारी के बाद,

अरब के समस्त क़बीलों के इस बड़े गठबंधन की बुनियाद रखी गई, जिसमें मक्का और इसके आस-पास के क़बीले, नज्द और मदीना के उत्तर की तरफ़ के क़बीले और यहूदी शामिल थे। इन सब क़बीलों ने मिलकर मदीना पर हमला करने के लिए एक विशाल सेना तैयार की।"

(दीबाचा तफ़्सीर-उल-कुरआन, अनवारुल-उलूम, भाग 20, पृष्ठ 267)

क़ुरैश और दूसरे क़बीलों की जंग के लिए तैयारी और उनकी तादाद :

इस जंग में शामिल होने वाले क़ुरैश और दूसरे क़बीलों की तादाद का और तफ़सील से वर्णन कुछ इस तरह है। क़ुरैश मक्का से चार हज़ार की फ़ौज लेकर निकले, जिनकी क़ियादत अबू सुफ़ियान कर रहा था। सवारों की क़ियादत ख़ालिद बिन वलीद कर रहा था। उन्होंने दारुल नदवा में झंडा बांधा, जो क़ुरैश की मजलिस-ए-शूरा की जगह थी, और इसे उसमान बिन तलहा ने उठाया, जिन्होंने बाद में इस्लाम क़ुबूल कर लिया था। वे अपने साथ तीन सौ घोड़े और पंद्रह सौ ऊँट लेकर आए। बनू सुलैम के सात सौ लोग भी क़ुरैश के साथ आ मिले, जिनकी क़ियादत अबू सुफ़ियान बिन अब्द शम्स कर रहा था। बनू असद के लोग तुलैहा बिन ख़ुवैलेद की क़ियादत में निकले और बनू फ़ज़ारा के एक हज़ार लोग उयैना बिन हसन की क़ियादत में निकले। बनू अशजअ के चार सौ लोग निकले, और उनकी क़ियादत मसूद बिन रुख़ैला कर रहा था। बनू मुर्रा के चार सौ लोग निकले, जिनकी क़ियादत हारिस बिन औफ़ मुर्री कर रहा था। बनू ग़त्फ़ान की तरफ़ से छह हज़ार फ़ौजी भेजने का वादा किया गया था, और यहूदियों की तरफ़ से दो हज़ार से ज़्यादा रिज़र्व फ़ौज थी, जो इस बड़े लश्कर के पीछे एक आख़िरी वार करने के लिए तैयार खड़ी थी। इस तरह से इस जंग में शामिल होने वाले लोगों की कुल तादाद कम से कम दस हज़ार थी, और

हज़ार और कुछ रिवायतों के मुताबिक़ चौबीस हज़ार के क़रीब थी। इन सबकी क़यादत अबू सुफ़ियान बिन हरब के हाथ में थी, जो उस वक़्त तक की तारीख़-ए-अरब की सबसे बड़ी फ़ौजी मुहिम थी।

(हयात-ए-मुहम्मद, मुहम्मद हुसैन हैकल, पृष्ठ 434, प्रकाशन बुक कॉर्नर, झेलम) (सिबलुल् हुदा वल् रिशाद, भाग 4, पृष्ठ 364, दारुल् कुतुब अल-इल्मिय्या, बैरुत) (ग़ज़वा-ए-अहज़ाब, आलिमा मुहम्मद अहमद बाशमील, पृष्ठ 153, प्रकाशन नफ़ीस अकैडमी, उर्दू बाजार कराची) (फ़रहंग-ए-सीरत, सफ़ा 299, ज़वार अकैडमी, कराची)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब (रज़ियल्लाहु तआला अन्हु) इस बारे में लिखते हैं :

"कुफ़्फ़ार के इस अज़ीम लश्कर का अंदाज़ा दस हज़ार से पंद्रह हज़ार, बल्कि कुछ रिवायतों के मुताबिक़ चौबीस हज़ार तक लगाया गया है। अगर दस हज़ार का अंदाज़ा ही सही माना जाए, तो भी उस दौर के हिसाब से यह संख्या इतनी बड़ी थी कि शायद इससे पहले अरब की क़बाइली जंगों में इतनी बड़ी तादाद कभी किसी जंग में शामिल नहीं हुई होगी। ... पूरे लश्कर का सरदार-ए-आज़म अर्थात सिपहसालार अबू सुफ़ियान बिन हरब था... ख़ुराक और जंग का सामान भी हर तरह से काफ़ी और मुकम्मल था। इस तरह यह लश्कर शवाल 5 हिजरी के दौरान (फ़रवरी/मार्च 627 ईसवी) मदीना की तरफ़ बढ़ना शुरू हुआ।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन, हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब, एम.ए., पृष्ठ 574)

हज़रत मुस्लेह मौऊद (रज़ियल्लाहु तआला अन्हु) इस बारे में वर्णन करते हैं: "मुख़्तलिफ़ मोअर्रिख़ों ने इस लश्कर की संख्या दस हज़ार सेचौबीस हज़ार तक बताई है, लेकिन ज़ाहिर है कि पूरे अरब के इत्तिहाद कानतीजा सिर्फ़ दस हज़ार सिपाही नहीं हो सकता। यक़ीनन चौबीस हज़ार वाला अंदाज़ा ज़्यादा सही है, और अगर कुछ नहीं तो यह लश्कर कम से कम अठारह से बीस हज़ार का ज़रूर होगा। मदीना एक मामूली क़स्बा था। इस क़स्बे के खिलाफ़ पूरे अरब का हमला कोई मामूली हमला नहीं था। मदीना के मर्दों को जमा कर के (जिनमें बूढ़े, जवान और बच्चे भी शामिल हों) मुश्किल से तीन हज़ार आदमी निकल सकते थे। इसके मुक़ाबले में दुश्मन की फौज बीस से चौबीस हज़ार के बीच थी, और वे सारे के सारे जंगजू थे, जवान और लड़ने के क़ाबिल थे। क्योंकि जब शहर में रह कर हिफ़ाज़त का सवाल होता है, तो उसमें बच्चे और बूढ़े भी शामिल हो जाते हैं, लेकिन जब दूर-दराज़ से लश्कर हमला करने आता है, तो उसमें सिर्फ़ जवान और ताक़तवर लोग होते हैं। इसलिए यह यक़ीनी है कि कुफ़्फ़ार के लश्कर में बीस या पच्चीस हज़ार, जितने भी लोग थे, वो सब के सब ताक़तवर, जवान और तजुर्बेकार सिपाही थे। परंतु मदीना के कुल मर्दों की तादाद बच्चों और अपाहिजों को मिलाकर मुश्किल से तीन हज़ार थी। जाहिर है कि इन हालात को देखते हुए अगर मदीना के लश्कर की तादाद तीन हज़ार मानी जाए, तो दुश्मन की तादाद चालीस हज़ार समझनी चाहिए। क्योंकि मुक़ाबला कोई नहीं था, और अगर दुश्मन की तादाद बीस हज़ार मानी जाए, तो मदीना के सिपाहियों की तादाद सिर्फ़ डेढ़ हज़ार समझी जानी चाहिए।"

(दीबाचा तफ़्सीरुल् कुरआन, अनवारुल् उलूम, भाग 20, पृष्ठ 267-268)

बहरहाल, काफ़िर अपनी जंग की नीयत से आगे बढ़ते रहे और इसकी जानकारी जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को मिली, तो आपने फ़ैसला किया कि ख़ंदक खोदी जाए।

इसकी तफ़सील में लिखा है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जासूसी अर्थात इंटेलिजेंस नेटवर्क भी इस पूरी स्थिति से बेख़बर नहीं था और चारों तरफ़ से ख़बरें आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम तक पहुंच रही थीं। क़ुरैश और यहूद के इस ख़तरनाक मंसूबे की खबर मदीना में पहुंची, तो आपने सहाबा को जमा किया और उन्हें दुश्मन की बुरी नीयत के बारे में बताया। साथ ही उनसे मशविरा किया कि मदीना से निकलकर मुक़ाबला किया जाए या यहीं रहकर उनसे जंग की जाए। एक बड़े फ़ौजी लश्कर और उसकी बड़ी तादाद को देखते हुए ज़्यादातर राय यह आई कि मदीना के अंदर रहकर दिफ़ा (रक्षा) करना ज़्यादा मुनासिब होगा। रिवायतों के मुताबिक़, हज़रत सलमान फ़ारसी (रज़ियल्लाहु तआला अन्हु) की राय का वर्णन मिलता है कि उन्होंने ख़ंदक का मशवरा दिया और कहा, "हे रसूलुल्लाह! हम फ़ारस की ज़मीन पर जब घोड़ों की फौज से डरते थे, तो उनके आगे ख़ंदक खोदते थे ताकि वे उसे पार न कर सकें।" यह राय सबको पसंद आई और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने मदीना के अंदर रहकर दिफ़ा करने और ख़ंदक खोदने का हुक्म दिया।

कुछ सीरत की किताबों से मालूम होता है कि ख़ंदक खोदने का फ़ैसला केवल हज़रत सलमान फ़ारसी रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की राय की वजह से नहीं था, बल्कि अल्लाह तआला ने नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को इस तरीक़े का इल्हाम किया था, क्योंकि अरबों के लिए यह तरीका बिल्कुल नया था। वे इस दिफ़ाई रणनीति से नावाकिफ़ थे। लिहाज़ा, जब अबू सुफ़ियान ताक़त के नशे में चूर होकर एक बड़े लश्कर के साथ मदीना पर हमला करने निकला और उसे मदीना की तरफ़ से कोई रुकावट नज़र नहीं आई, न ही उसे कोई इस्लामी फ़ौज दिखाई दी, तो उसे अपने बड़े लश्कर की वजह से यह घमंड हो गया कि अब मदीना को कोई नहीं बचा सकता। उसने कहा, "अब मैं मदीना को तबाह करके ही जाऊंगा।" जब उसे रास्ते में कहीं कोई विरोध नहीं मिला, तो उसका घमंड और भी बढ़ गया, लेकिन जैसे ही उसने अपने घोड़ों को दौड़ाते हुए मदीना के क़रीब पहुंचाया, तो अचानक उसके सामने पांच किलोमीटर लंबी, आठ-नौ फीट गहरी और चौड़ी एक ख़ंदक देखकर वह हक्का-बक्का रह गया। यह ख़ंदक इतनी गहरी और चौड़ी थी कि उसे घोड़ों से पार करना मुमकिन नहीं था।

जब काफ़िर इस ख़ंदक को पार करने में नाकाम रहे, तो अबू सुफ़ियान ने अपने शदीद ग़ुस्से, बेबसी और घमंड के मिले-जुले जज़्बात में नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को एक ख़त लिखा। उसमें उसने लिखा, "लात, उज़्ज़ा, इसाफ़, नायला और हुब्बल की क़सम है कि मैं अपने लश्कर के साथ आया हूं और तब तक वापस नहीं जाऊंगा, जब तक तुम्हें मिटा न दूं। लेकिन मैं देख रहा हूं कि तुम लोग हमारे मुक़ाबले से बच रहे हो और अपने चारों तरफ़ ख़ंदकें खोद ली हैं। काश, मुझे पता होता कि तुम्हें यह तरीका किसने बताया है। और अगर हम वापस भी चले गए, तो याद रखना, जंग-ए-उहुद का दिन तुम्हें फिर याद दिलाएंगे, जिसमें अब तुम्हारी औरतों को भी ज़बह कर दिया जाएगा।" यह ख़त उसने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में भेजा।

इसके जवाब में नबी-ए-अकरम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने अबू सुफ़ियान को ख़त लिखा और फ़रमाया, "तुम्हारा ख़त मिला। मैं जानता हूँ कि तुम हमेशा से अल्लाह तआला के ख़िलाफ़ घमंड में रहे हो। और जो तुमने मदीना पर अपने बड़े लश्कर के साथ हमला करने का वर्णन किया है, जिससे तुम हमारा नाम-ओ-निशान मिटा देने का इरादा किए हुए हो, तो यह अल्लाह का हुक्म है जो तुम्हारे नापाक इरादों के बीच आ गया है। तुम्हें यह मौका नहीं मिल सका। और अल्लाह तआला ऐसा फ़ैसला करेगा कि तुम लात और उज़्ज़ा का नाम तक भूल जाओगे।"

फिर आपने लिखा, "और जो तुमने पूछा है कि ख़ंदक खोदने का तरीक़ा मुझे किसने बताया, तो 'फ़-इन्न-ल्लाह अल्हमानी ज़ालिक' (यह तरीका मुझे अल्लाह तआला ने इल्हाम किया है)। जब तुम्हारा और तुम्हारे साथियों का ग़ुस्सा बढ़ गया था, उस समय अल्लाह तआला ने मुझे यह बताया। और सुनो! अंततः अल्लाह हमें कामयाब करेगा। और ऐ बनू-ग़ालिब के अहंकारी! याद रखो, एक दिन आएगा जब तुम्हारे लात, उज़्ज़ा, इसाफ़, नाइला और हुब्बल टुकड़े-टुकड़े कर दिए जाएंगे, और उस दिन मैं तुम्हें यह सब याद दिलाऊंगा।"

(सबुलुल् हुदा , भाग 5, पृष्ठ 364, दारुल कुतुब अल्-इल्मिया, बेरूत) (ख़ातिम अल्-नबिय्यीन, अबू ज़हरा, भाग 2, पृष्ठ 942, अल-मुअत्तमर अल-आलमी)(अल-सहीह मिन सीरह अल-नबी अल-आज़म सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम, भग 10, पृष्ठ 197, अल-मर्कज़ अल्-इस्लामी, बेरूत 2006)

तो बहुत स्पष्ट रूप से लिखा कि इंशाअल्लाह, अल्लाह की मदद से फ़तह हमारी होगी। नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के इस ख़त से यह स्पष्ट होता है कि हालाँकि हज़रत सलमान फ़ारसी रज़ियल्लाहु तआला अन्हु ने मशविरा दिया होगा, लेकिन इस पर अमल करने का फ़ैसला आपने इल्हामन ही किया होगा। वल्लाहु आलम। बहरहाल, उनका मशविरा भी था, लेकिन अल्लाह तआला ने भी आपको इस बारे में आगाह किया। बाकी तफ़सील इन शा अल्लाह आइंदा वर्णन करूंगा।"

आजकल पाकिस्तान के अहमदियों को ख़ास तौर पर दुआओं में याद रखें। पाकिस्तानी अहमदी ख़ुद भी दुआओं और सदक़ात की तरफ़ तवज्जो दें। अल्लाह तआला उनकी हिफ़ाज़त करे और मुख़ालेफ़ीन के शर से उन्हें महफ़ूज़ रखे, और बुरे लोगों का शर उन्हीं पर पलट दे। आम तौर पर दुनिया की भलाई के लिए भी दुआ करें कि अल्लाह तआला दुनिया को भी फ़साद और फ़ित्नों से महफ़ूज़ रखे।

★ ★ ★

इस्लाम और जमाअत अहमदिय्या के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :

1800 3010 2131

(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)

Web.www.alislam.org

www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

हर उस चीज़ से बचो जो धर्म में बुराई और बिद्दत पैदा करने वाली है

हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ फ़रमाते हैं :

"हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जमाअत में शामिल होने के लिए हर उस चीज़ से बचना होगा जो दीन में बुराई और बिद्दत पैदा करने वाली है .. बहुत सी बुराईयाँ हैं जो शादी ब्याह के अवसर पर की जाती हैं और जिनकी देखा देखी दूसरे लोग भी करते हैं। इस तरह समाज में ये बुराईयां जो हैं अपनी जड़ें गहरी करती चली जाती हैं और इस तरह दीन में और निज़ाम में एक बिगाड़ पैदा हो रहा होता है।"

(उद्धृत मशअले राह, भाग 5 हिस्सा 3 पृष्ठ 153)

★ ★ ★

129वां जलसा सालाना क़ादियान

27, 28, और 29 दिसम्बर 2024 ई. के आयोजित होगा

सय्यदना हज़रत हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने 129वें जलसा सालाना क़ादियान के लिए 27,28,29 दिसंबर 2024 ई. (दिन शुक्रवार, शनिवार और रविवार) की तिथियों की मंज़ूरी प्रदान की है। जमाअत के लोग अभी से दुआओं के साथ इस मुबारक जलसे में शामिल होने की नियत करके तैयार आरंभ करदें। अल्लाह तआला हम सबको इस अल्लाह की खातिर आयोजित होने वाले इस जलसे से लाभान्वित होने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए और सईद रूहों के लिए हिदायत का माध्यम बनाए। इस जलसे के हर प्रकार से सफ़ल होने के लिए दुआएं करते रहें। आमीन।

(नाज़िर इस्लाह वा इरशाद क़ादियान)

★ ★ ★

अख़बार बदर के अंकों की रक्षा करें

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ज़माने की यादगार अख़बार “अख़बार बदर” 1952 ई.से लगातार क़ादियान दारुल अमान से मुद्रित हो रहा है, और जमआत की दीनी ज़रूरतों को पूरा कर रहा है। इस में क़ुरआन-ए-क़रीम की आयात, आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की हदीसे, हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मलफ़ूज़ात और लेखनी के इलावा सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ के ताज़ा ख़ुत्बात जुमा और खिताबात, अध्याम्पूर्ण संदेश, ख़ुत्बा जुमा प्रश्न उत्तर के रूप में और हुज़ूर के दौराजात की निहायत ईमान अफ़रोज़ और दीनी और दुनियावी इल्म के ख़ज़ानों से भरपूर रिपोर्टस प्रकाशित होती हैं। इनका अध्यन करना, उनको दूसरों तक पहुंचाना, इन पर कर्म करना और उनके माध्यम से अपनी और अपने बच्चों की शिक्षा-और-तर्बीयत करना हम सब का फ़र्ज़ है। इन समस्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अख़बार बदर के शुमारों को हिफ़ाज़त के साथ अपने पास सुरक्षित रखना हम सब की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी है।

दीनी शिक्षा-ओ-तर्बीयत पर आधारित यह मुक़द्दस अख़बार तक़ाज़ा करता है कि इसका सम्मान किया जाए। इसलिए उसको रद्दी में बेचना यह सम्मान का उल्लंघन करने के समान है। यदि इस को सँभालना मुम्किन न हो तो सावधानी के साथ इस को नष्ट करें ताकि इन पवित्र लेखनियों का अपमान न हो। उम्मीद है कि जमआत इस तरफ़ विशेष ध्यान फ़रमाएँ गी और इस से भरपूर लाभ प्राप्त करते हुए इन विषयों को समक्ष रखेंगे।

(संस्थान)

★ ★ ★

नबी-ए-अकरम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया: "पहली बार जब रौशनी निकली, तो हिरा और किसरा के महल मुझे दिखाए गए थे और जिब्राईल ने मुझ से कहा कि आपकी उम्मत इन पर क़ब्ज़ा करेगी। दूसरी बार रौशनी में मुझे रूम (रोम) की ज़मीन के सुर्ख महल दिखाए गए, और जिब्राईल ने ख़बर दी कि आपकी उम्मत उन पर क़ाबिज़ होगी। और तीसरी बार जब रौशनी निकली, तो सनआ के महल मुझे दिखाए गए और जिब्राईल ने बताया कि आपकी उम्मत उन पर भी ग़ालिब आएगी। इसलिए आपको मुबारकबाद हो।"

ख़ंदक (खाई) खोदने के दौरान हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की शिरकत और उनकी दुआओं की बरकत से सहाबा-ए-किराम रज़ि अल्लाहु अन्हुम अपनी परेशानियों और मेहनत की तकलीफ़ों को भूल जाते थे।

ग़ज़वा-ए-अहज़ाब के लिए ख़ंदक की खुदाई और इसके दौरान पेश आने वाले कुछ मोज़िज़ों (चमत्कारों) का वर्णन

अहमदियों के ईमान को मज़बूत करने और दुनिया के आम हालात के लिए दुआओं की तल्क़ीन (प्रोत्साहन)

अल्लाह तआला सब ताक़तों का मालिक है, अगर ये लोग अब भी सुधार की तरफ़ तवज्जो करें, तो अल्लाह तआला उन्हें मुसीबतों से निकाल सकता है। अल्लाह तआला करे कि उन्हें अक़्ल और समझ आ जाए।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 13 सितंबर 2024 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिरें (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ. أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ. بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ . اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ. اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ . مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ. اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ. اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ. صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ . غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

जंग-ए-अहज़ाब पिछले ख़ुतबे में वर्णन हो रहा था कि किस तरह ख़ैबर के यहूदियों की अहद-शिकनी (वादा-ख़िलाफ़ी) और दुश्मनी की वजह से काफ़िरों का एक लश्कर (सेना) तैयार हुआ ताकि मुसलमानों पर हमला करके उन्हें ख़त्म किया जा सके। इसकी और भी तफ़सील (विवरण) तारीख़ से यूँ मिलती है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने सुलैत और सुफ़ियान बिन औफ़ असलमी को लश्करों की ख़बर लाने के लिए भेजा, तो ये दोनों रवाना हुए। जब ये बैदा के मक़ाम पर पहुँचे बैदा, मक्का और मदीना के बीच ज़ुल-हलीफ़ा से आगे एक मैदान है, और ज़ुल-हलीफ़ा मदीना से छह-सात मील की दूरी पर है। बहरहाल, इन दोनों की तरफ़ अबू सुफ़ियान के सवारों ने तवज्जो की (ध्यान दिया), और दुश्मन की नज़र इन पर पड़ गई। नतीजा यह हुआ कि दोनों लड़ते हुए शहीद हो गए। दोनों को रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पास लाया गया और एक ही क़ब्र में दफ़्न किया गया।

लिखा है कि जब ख़ंदक (खाई) खोदने का फ़ैसला हो गया, तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम अपने घोड़े पर सवार हुए और आपके साथ कई मुहाजेरीन (विस्थापित) और अंसार (सहायक) भी थे। आपने लश्कर के पड़ाव के लिए जगह तलाश की और सबसे मुनासिब जगह ये देखी कि आप सलाअ पहाड़ को अपनी पीठ की तरफ़ रखें और मज़ाज़ से ज़ुबाब और रातिज तक ख़ंदक खोदी जाए।

मज़ाज़ मदीना में सलाअ पहाड़ के क़रीब एक जगह थी, और ज़ुबाब मदीना के क़रीब एक पहाड़ का नाम था। रातिज मदीना के क़िलों में से एक क़िला था, जो यहूदियों का था। यह भी कहा जाता है कि ज़ुबाब के मशरिक (पूर्व) में एक छोटा पहाड़ था। उस दिन ख़ंदक का काम शुरू हुआ और मुसलमानों ने बनू क़ुरैज़ा से खुदाई के कई औज़ार कुदालें, बड़े कुल्हाड़े, बेलचे इत्यादि उधार लिए। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने ख़ंदक के हर हिस्से की खुदाई एक क़ौम के सुपुर्द की। आपने सहाबा को दस-दस के ग्रुप में तक़सीम (विभाजित) किया और हर दस अफ़राद के लिए करीबन चालीस गज़ का हिस्सा निर्धारित किया। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने ख़ुद भी खुदाई में हिस्सा लिया और मिट्टी अपनी पीठ पर उठाई, यहाँ तक कि आपकी पीठ और पेट धूल से ढक गए।

जो मुसलमान अपना हिस्सा पूरा कर लेते, वे दूसरों की मदद के लिए पहुँच जाते, यहाँ तक कि ख़ंदक पूरी हो गई। ऐसा नहीं था कि एक का काम ख़त्म हो गया तो वह बैठ गया, बल्कि अपने साथियों की मदद के लिए पहुँच जाते थे। ख़ंदक खोदने में कोई भी मुसलमान पीछे नहीं रहा, और हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को जब टोकरी नहीं मिलती, तो वे जल्दी में अपने कपड़ों में मिट्टी ढोते थे। चादर में मिट्टी डालकर ले जाते थे।

(उद्धृत सबुलल् हुदा वल् रिशाद', भाग 4, पृष्ठ 365-364, दारुल कुतुब अल्-इल्मिया, बेरूत)(फ़रहंग-ए-सिरत, पृष्ठ 265 ,129 ,125 ,105 ज़वार अकादमी, कराची)(ख़ुलासा अल-वफ़ा ब-अख़बार दाररुल् मुस्तफ़ा, पृष्ठ -553 554 मक्तबा अल्-इल्मिया, मदीना मुनव्वरा)

इसकी तफ़्सील (विवरण) हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब ने भी वर्णन की है। कहते हैं कि "इतने बड़े लश्कर की हरकतों को छुपाना काफ़िरों के लिए मुश्किल था, और फिर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का जासूसी का इंतेज़ाम भी निहायत मजबूत था। चूंकि क़ुरैश का लश्कर मक्का से निकला ही था कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को उनकी ख़बर पहुँच गई। जिस पर आपने सहाबा को इकट्ठा कर के इस पर मशवरा किया। इस मशवरे में ईरान के एक वफ़ादार सहाबी सलमान फ़ारसी भी शामिल थे... क्योंकि सलमान फ़ारसी अजमी तरीक़-ए-ज़ंग से वाक़िफ़ थे।" अर्थात जो गैर अरबों का तरीक़-ए-ज़ंग था, उसके बारे में जानते थे। "उन्होंने यह मशवरा पेश किया कि मदीना के गैर-महफ़ूज़ हिस्से के सामने एक लंबी और गहरी ख़ंदक खोदकर अपने आपको महफ़ूज़ कर लिया जाए। ख़ंदक का ख़्याल अरबों के लिए बिल्कुल नया था। लेकिन यह जानकर कि यह तरीक़-ए-ज़ंग दियार-ए-आजम (गैर अरब देशों) में आम तौर पर सफलता के साथ रिवाज है, रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इस तजवीज़ को मंज़ूर फ़रमाया।"

पिछले ख़ुतबे में भी वर्णन हुआ था कि आपको अल्लाह तआला ने भी बताया था कि यह तरीक़ सही है। बहरहाल, लिखा है कि "और चूंकि मदीना का शहर तीन तरफ से एक हद तक महफ़ूज़ था, अर्थात मकानों की लगातार दीवारों और घने पेड़ों और चट्टानों के सिलसिले की वजह से ये इर्द-गिर्द काफ़िरों के लश्कर के अचानक हमले से महफ़ूज़ थीं और सिर्फ़ शामी तरफ़ ऐसी थी जहाँ दुश्मन इकट्ठा होकर मदीना पर हमला कर सकता था, इसलिए रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इस गैर महफ़ूज़ तरफ़ में ख़ंदक खोदने का हुक्म दिया। आपने ख़ुद अपनी निगरानी में मौके पर निशान लगाकर तक़सीम-ए-कार के उसूल के तहत ख़ंदक को दस-दस हाथ अर्थात पंद्रह-पंद्रह फ़ुट के टुकड़ों में तक़सीम करके हर टुकड़ा दस-दस सहाबियों के सुपुर्द कर दिया। इन पार्टियों की तक़सीम में एक ख़ुशगवार इख़्तिलाफ़ (विभाजन) पैदा हुआ कि सलमान फ़ारसी किस समूह में शामिल किए जाएँ।" हर समूह चाहता था कि सलमान फ़ारसी उसमें शामिल हों। "क्या उन्हें मुहाजिर समझा जाए या इस

वजह से कि वह इस्लाम की आमद से पहले ही मदीना में आए हुए थे, अंसार में शामिल किया जाए। इस वजह से कि सलमान इस तरीक़-ए-ज़ंग के प्रेरक थे और वैसे भी एक सक्रिय और बावजूद बूढ़े होने के मज़बूत आदमी थे, हर समुदाय उन्हें अपने साथ मिलाना चाहता था। आखिर यह इख़्तिलाफ़ रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ख़िदमत में पेश हुआ और आपने दोनों के दावे सुनकर।" हर एक ने जो दावा किया था, आपने सुना और फिर "मुस्कुराते हुए फ़रमाया कि सलमान दोनों में से नहीं हैं।" न वह मुहाजिरों में से हैं, न अंसार में से। "बल्कि سَلۡمَانُ مِنَّا اَهۡلَ الۡبَیۡتِ" अर्थात सलमान मेरे अहल-ए-बैत (परिवार) में शामिल किए जाएँ।"

उस वक्त से सलमान को यह शरफ़ हासिल हो गया कि वह गोया रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के घर के आदमी समझे जाने लगे।

उद्देश्य, ख़ंदक की तजवीज़ पुख़्ता होने के बाद सहाबा की जमाअत मज़दूरों के कपड़ों में मलबूस होकर मैदान-ए-कारज़ार में निकल आई। ख़ुदाई का काम कोई आसान काम नहीं था, यह बहुत मुश्किल काम था। और फिर यह मौसम भी सर्दी का था, जिसकी वजह से इन दिनों में सहाबा ने कठोर तकालिफ़ उठाईं। और चूंकि दूसरे कारोबार बिल्कुल बंद हो गए थे, इसलिए वे लोग जिनका काम रोज़ की रोटी रोज़ कमाना था, और सहाबा में ऐसे लोगों की कमी नहीं थी, उन्हें इन दिनों में भूख और फाकाकशी की मुसीबत भी सहनी पड़ी। और चूंकि सहाबा के पास नोक़र और गुलाम भी नहीं थे, इसलिए सभी सहाबा को खुद अपने हाथ से काम करना पड़ा। जो दस-दस की टोलीयाँ तय हुई थीं, उन्होंने अपने काम की आंतरिक तक़सीम इस तरह की थी कि कुछ आदमी खुदाई करते थे और कुछ खुदी हुई मिट्टी और पत्थरों को टोकरी में भरकर अपने कंधों पर लादकर बाहर फेंकते जाते थे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम भी अधिकांश अपना समय ख़ंदक के पास गुज़ारते थे और कई बार खुद भी सहाबा के साथ मिलकर खुदाई और मिट्टी की ढुलाई का काम करते थे।

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब, एम. ए, पृष्ठ 575-574)

खंदक की खुदाई के दौरान ताज़ा दम रखने के लिए शेर भी पढ़े जाते थे। इसकी तफ़्सील में लिखा है कि सहल बिन साद और अनस से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम हमारे पास पधारे तो हम खंदक खोद रहे थे और अपने कंधों पर मिट्टी स्थानांतरित कर रहे थे। जब आपने हमारी यह मेहनत और भूख देखी, तो फ़रमाया:

اَللّٰهُمَّ لَا عَیۡشَ اِلَّا عَیۡشُ الۡاٰخِرَهۡ
فَاغۡفِرِ الۡاَنۡصَارَ وَالۡمُهَاجِرَهۡ

कि "हे अल्लाह! जीने का आनंद तो सिर्फ़ خآरित का आनंद है। इसलिए तू अंसार और मुहाजिरों को माफ़ कर दे।" इस पर सहाबा कराम ने आपको जवाब देते हुए कहा:

نَحۡنُ الَّذِیۡنَ بَایَعُوۡا مُحَمَّدَا
عَلَی الۡجِهَادِ مَا بَقِیۡنَا اَبَدَا

कि "हम वे लोग हैं जिन्होंने जिहाद पर मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की बैअत की है, जब तक हम ज़िंदा हैं।"

हज़रत बराअ बिन आज़िब से रिवायत है, वह वर्णन करते हैं कि ...

खंदक के दिन मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को मिट्टी उठाते देखा।

